रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)

PART II—Section 3—Sub-section (i)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 370] नई दिल्ली, शुक्रवार, जुलाई 2, 2010/आषाढ़ 11, 1932

No. 370] NEW DELHI, FRIDAY, JULY 2, 2010/ASADHA 11, 1932

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 जून, 2010

सा.का.नि. 576(अ).—राष्ट्रपति, मूल नियमों के नियम 45 के अनुसरण में और भारतीय सर्वेक्षण के सरकारी निवासों का आबंटन नियम, 1999 का, उन बातों के सिवाए अधिक्रमण करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है, या किए जाने का लोप किया गया है निम्नलिखित नियम बनाती है:—

अनुपूरक नियमों के भाग VIII में खण्ड 26-कछ के पश्चात् निम्नलिखित को अंत: स्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"खण्ड 26-कज"

अ.नि. 317-कज-1.—संक्षिप्त नाम, लागू होना और प्रारम्भ:—

1. इन नियमों का संक्षिप्त नाम भारतीय सर्वेक्षण संपदा के सरकारी निवासों का आबंटन नियम, 2010 है।
2. ये नियम उन निवासों के आबंटन को लागू होंगे, जो भारतीय सर्वेक्षण, भारतीय सर्वेक्षण के केन्द्रीय विद्यालय (परियोजना विद्यालय), केन्द्रीय और प्रादेशिक वेतन और लेखा कार्यालयों में, जो भारतीय सर्वेक्षण के साथ लेखा अधिकारिता रखते हैं, नियमित सरकारी कर्मचारियों के उपयोग के लिये प्राथमिक रूप से आशयित हैं।
3. ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

अ.नि. 317-कज-2, परिभाषाएं.—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "आबंटन" से अभिप्रेत है इन नियमों के उपबंधों के अनुसार अधिकारी के निवास का अधिभोग करने हेतु अनुज्ञप्ति का अनुदान;

(ख) "आबंटन वर्ष" से अभिप्रेत है वह वर्ष जो पहली जनवरी को प्रारंभ होता है या ऐसी अन्य अवधि जो संबंधित निदेशक द्वारा अधिसूचित की जाए;

(ग) "संबंधित निदेशक" से अभिप्रेत है भारतीय सर्वेक्षण संपदा का प्रशासन करने के लिए उत्तरदायी भारतीय सर्वेक्षण का निदेशक या उपमहासर्वेक्षक या उपनिदेशक या भारतीय सर्वेक्षक दल का प्रभारी अधिकारी जो भारत के महासर्वेक्षक द्वारा नामनिर्दिष्ट किया जाए;

(घ) "पात्र–कार्यालय" से अभिप्रेत है भारतीय सर्वेक्षण कार्यालय, केन्द्रीय या प्रादेशिक वेतन और लेखा कार्यालय, जो भारतीय सर्वेक्षण, भारतीय सर्वेक्षण के केन्द्रीय विद्यालय (परियोजना विद्यालय) के साथ लेखा अधिकारिता रखते हैं, जिनके कर्मचारिवृंद इन नियमों के अधीन निवास के लिए पात्र घोषित किए गये हैं;

(ड.) "ग्रेड पे" से छठे वेतन आयोग द्वारा यथा परिभाषित और भारत सरकार द्वारा स्वीकृत वेतन अभिप्रेत है

स्पष्टीकरण– ऐसे अधिकारी की दशा में जो निलंबित है उस आबंटन वर्ष के, जिसमें उसको निलंबित किया गया है, के प्रथम दिन को उसके द्वारा ली गई ग्रेड पे का या यदि वह आबंटन वर्ष के प्रथम दिन को निलंबित किया गया है तो उस तारीख के ठीक पूर्व उसके द्वारा ली गई ग्रेड पे को ग्रेड पे समझा जाएगा;

(च) "कुटुम्ब" से अभिप्रेत है, यथास्थिति, पति या पत्नी और बच्चे, सौतेले बच्चे, विधिक रूप से दत्तक लिए गए बच्चे माता–पिता, भाई या बहिन, जो सामान्यतः अधिकारी के साथ रहते हैं और उस पर आश्रित हैं;

(छ) "सरकार" से केन्द्रीय सरकार अभिप्रेत है :

(ज) "अनुज्ञप्ति फीस" से अभिप्रेत है इन नियमों के अधीन आबंटित निवास की बाबत मूल नियमों के उपबन्धों के अनुसार और भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार मासिक संदेय धन की राशि;

(झ) "अधिकारी" से भारतीय सर्वेक्षण, भारतीय सर्वेक्षण के केन्द्रीय विद्यालय (परियोजना विद्यालय), केन्द्रीय, प्रादेशिक वेतन और लेखा कार्यालयों में, जो भारतीय सर्वेक्षण के साथ लेखा अधिकारिता रखते हैं, सेवारत अधिकारी और कर्मचारी अभिप्रेत है;

(ञ) किसी टाइप के निवास की बाबत जिसका कि वह का.नि. कज–4 के उपबन्धों के अधीन पात्र है, अधिकारी की "पूर्विकता तारीख" से अभिप्रेत है, वह पूर्वतम तारीख जिससे कि वह केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार या विदेशी सेवा के अधीन पद पर, सिवाय छुट्टियों की अवधि के, ऐसी ग्रेड पे लेता रहा है, जो किसी विशिष्ट टाइप या उच्चतर टाइप से सुसंगत है।

परन्तु टाइप I, टाइप II, टाइप III, टाइप IV निवास की बाबत वह तारीख जिससे कि अधिकारी केन्द्रीय सरकार या राज्य संरकार जिसमें विदेश सेवा की अवधि भी सम्मिलित है, निरन्तर रहा है, उस टाइप के लिए उसकी पूर्विकता तारीख होगी।

परन्तु यह और कि भूतपूर्व सैनिक के भारतीय सर्वेक्षण में पुनर्नियोजन की दशा में सशस्त्र बलों में की गयी भूतपूर्व सेवाओं का पूर्विकता तारीख का अवधारण करने के प्रयोजन के लिए गणना की जाएगी, भले ही उस अधिकारी ने रक्षा सेवा सीमांत प्रसुविधाएं ले ली है और सेवा में भंग यदि कोई हो, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी द्वारा माफ नहीं कर दिया पूर्विकता की तारीख के अवधारण करने के लिए भूतपूर्व सेवाओं के योग में से घटा दिया जाएगा:

परन्तु यह भी कि समूह "घ" कर्मचारिवृन्द की बाबत सम्भाव्य खलासी के रूप में की गई निरन्तर सेवा का पचास प्रतिशत पूर्विकता का अवधारण करने के लिए गणना में लिया जाएगा:

परन्तु यह भी कि जहां दो या अधिक अधिकारियों की पूर्विकता तारीख एक हो वहां उनमें से ज्येष्ठता, ग्रेड पे की रकम के आधार पर उच्चतर ग्रेड पे प्राप्त करने वाले अधिकारी को निम्नतर ग्रेड पे पाने वाले अधिकारी से प्राथमिकता देते हुए अवधारित की जाएगी; जहां ग्रेड पे समान है वहां सेवाकाल के आधार पर, और जहां ग्रेड पे और सेवाकाल दोनों समान है वहां अधिकारियों के वेतनमान के आधार पर, उच्चतर वेतनमान वाले पद पर कार्य करने वाले अधिकारी की निम्नतर वेतनमान पाने वाले अधिकारी से प्राथमिकता देते हुए अवधारित की जाएगी;

परन्तु यह भी कि जहां दो या अधिक अधिकारियों की ग्रेड पे, सेवाकाल और वेतनमान समान है वहां ज्येष्ठता का अवधारण उनके जन्म की तारीख के प्रति निर्देश से, उस अधिकारी को, जो आयु मे अधिक है, आयु में छोटे अधिकारी से प्राथमिकता देते हुए निर्धारित किया जाएगा– :

(ट) "अर्हक नियुक्ति" से अभिप्रेत है ऐसी नियुक्ति जिसके धारक से भारतीय सर्वेक्षण, केन्द्रीय और प्रादेशिक वेतन और लेखा कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण के केन्द्रीय विद्यालय (परियोजना विद्यालय) की सेवा के लिए निवास करने की अपेक्षा की जाती है;

(ठ) "निवास" से अभिप्रेत है ऐसा कोई निवास जो तत्समय संबंधित निदेशक के प्रशासकीय नियंत्रण के अधीन हो;

(ड.) "सेवा निवृत्ति" जिसके अन्तर्गत अधिवर्षिता; स्वेच्छया सेवा निवृत्ति और अस्वस्थता के आधार पर सेवा निवृत्ति भी है;

(ढ) "उप पट्टे पर देना" के अन्तर्गत आबंटिती द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति के साथ ऐसे दूसरे व्यक्ति द्वारा अनुज्ञप्ति फीस के संदाय सहित या उसके बिना, निवास में रहना है।

स्पष्टीकरण–आबंटिती द्वारा अल्प अवधि के लिए अपने निकट संबंधियों को निवास में रहने, उप पट्टे पर देना नहीं समझा जाएगा। पिता, माता, भाई, बहन, दादा, दादी, पौत्र और पौत्री निकट संबंधी माने जाएंगे।

(ण) "अस्थायी स्थानांतरण" से अभिप्रेत है ऐसा स्थानांतरण जिसमें छः मास से अनधिक अवधि की अनुपस्थिति हो;

(त) "स्थानांतरण" से अभिप्रेत है वर्तमान आस्थान से किसी अन्य स्थान को या पात्र कार्यालय से किसी अपात्र कार्यालय को स्थानांतरण और इसके अन्तर्गत राज्य सरकार के अधीन सेवा का स्थानांतरण या प्रतिवर्तन और किसी अपात्र कार्यालय या संगठन में किसी पद पर प्रतिनियुक्ति भी आती है;

(थ) अधिकारी के संबंध में "टाईप" से अभिप्रेत है निवास का ऐसा टाईप जिसका वह नि.317–कज–4 के उपबन्धों के अधीन पात्र है।

अ.नि. 317–कज–3 पति और पत्नी को आबंटन पात्रता ऐसे अधिकारियों की दशाओं में जो एक दूसरे से विवाहित है:–

(1) किसी अधिकारी को इन नियमों के अधीन निवास आबंटित नहीं किया जाएगा यदि अधिकारी की पत्नी या पति जैसी भी स्थिति हो, को पहले से ही उसी स्थान पर निवास आबंटित किया जा चुका है जब तक कि ऐसा निवास अभ्यर्पित न किया जाए;

परन्तु यह कि यह उपनियम वहां लागू नहीं होगा जहां पति और पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में अलग–अलग निवास कर रहे है।

(2) जहां इन नियमों के अधीन आबंटित पृथक् निवासों में अधिभोग करने वाले अधिकारी एक दूसरे से विवाह करते हैं, वे विवाह के एक मास के भीतर निवासों में से एक को अभ्यर्पित कर देंगे।

(3) यदि उस नियम (2) द्वारा यथाअपेक्षित निवास अभ्यर्पित नहीं किया जाता तो निम्नतर टाईप के निवास का आबंटन ऐसी अवधि की समाप्ति पर रद्द किया हुआ समझा जाएगा और यदि निवास उसी टाइप के हैं तो उनमें से ऐसे एक का आबंटन जैसा कि निदेशक विनिश्चित करें, ऐसी अवधि की समाप्ति पर रद्द किया हुआ समझा जाएगा ।

(4) जहां पत्नी और पति दोनों केन्द्रीय सरकार के अधीन नियोजित हैं वहां इन नियमों के अधीन उनमें से प्रत्येक के निवास के आबंटन के हक पर स्वतंत्र रूप से विचार किया जाएगा।

(5) उपनियम (1) से (4) तक में किसी बात के होते हुए भी,–

(क) यदि यथास्थिति उस पत्नी या पति को जो इन नियमों के अधीन निवास का आबंटिती है, ऐसे पूल से, जिसे वह नियम लागू नहीं होते है, उसी स्थान पर निवासीय आवास पश्चातवर्ती रूप में आबंटित किया जाता है, तो वह यथास्थिति पति या पत्नी, निवासों में से किसी को आबंटन के एक मास के भीतर अभ्यर्पित कर देगा।

परन्तु यह कि यह उपनियम वहां लागू नहीं होगा जहां पति या पत्नी किसी न्यायालय द्वारा किए गए न्यायिक पृथक्करण के आदेश के अनुसरण में अलग–अलग निवास कर रहे हैं।

(ख) जहां दो अधिकारी उसी स्थान पर पृथक् निवासों के अधिभोग में हैं और एक को इन नियमों के अधीन और दूसरे को उस पूल से जिसे ये नियम लागू नहीं होते, निवास आबंटित किया गया है, एक दूसरे से विवाह कर लेते हैं, तो उनमें से कोई उन निवासों में से किसी एक को ऐसे विवाह के एक मास के भीतर अभ्यर्पित कर देगा।

(ग) यदि निवास खण्ड (क) या (ख) के अधीन यथाअपेक्षित अभ्यर्पित नहीं किया जाता है तो भारतीय संपदा सर्वेक्षण के पूल में निवास का आबंटन ऐसी अवधि की समाप्ति के पश्चात् रद्द किया गया समझा जाएगा।

अ.नि. 317–कज–4 निवासों का वर्गीकरण– (1) आबंटन के प्रयोजन के लिए निवास निम्न रूप में वर्गीकृत किए गए हैं तथा इन नियमों द्वारा अन्यथा उपबंधित के सिवाय, अधिकारी निम्न सारणी में दर्शित टाईप के निवासों के आबंटन के लिए पात्र होगा।

सारणी

निवास का टाईप	निवास के टाईप की हकदारी के लिए आबंटन वर्ष के प्रथम दिन को अधिकारी का प्रवर्ग या उसकी मासिक ग्रेड पे
(1)	(2)
टाईप–I	रूपए 1300, रू.1400, रू.1600 रू.1650, और रू.1800
टाईप–II	रूपए 1900, रू.2000, रू.2400 और रू.2800
टाईप–III	रूपए 4200, रू.4600, और रू.4800
टाईप–IV	रूपए 5400, रू.6600,

टाईप–IV (विशेष)	रूपए 6600
टाईप–V	रूपए 7600 रू.8700 और रू.8900
टाईप–VI	रूपए 10000

(2) टाईप V या टाईप VI का पात्र कोई अधिकारी उससे ठीक नीचे के निवास के टाईप के लिए भी पात्र होगा।

अ.नि. 317–कज–5 आबंटन के लिए आवेदनः–

(1) निवास के सभी टाईपों के आबंटन के लिए आवेदन उचित माध्यम द्वारा संबंधित निदेशक को ऐसे प्ररूप और रीति में तथा ऐसी तारीख तक किए जाएंगे जो इस निमित्त संबंधित निदेशक विनिर्दिष्ट करे। निदेशक, नियम नि. 317–कज–4 में यथा वर्गीकृत प्रत्येक टाईप के निवास के लिए प्रतीक्षा सूची रखेगा। प्रतीक्षा सूची में आबंटन पात्रता और पूर्विकता की तारीखें स्पष्टतः दर्शित होगी। आबंटन नि. 317–कज–6 में यथा उपबंधित पूर्विकता की तारीखों के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अनुसार किए जाएंगे।

(2) ऐसा अधिकारी जो भारतीय सर्वेक्षण और केन्द्रीय वेतन और लेखा कार्यालय या प्रादेशिक वेतन और लेखा कार्यालय और भारतीय सर्वेक्षण के केन्द्रीय विद्यालय (परियोजना विद्यालय) में प्रथम नियुक्ति या स्थानान्तरण पर सेवा आरंभ करता है वह ऐसी सेवा आरंभ के एक मास के भीतर संबंधित निदेशक को विहित प्ररूप में अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा।

अ.नि. 317–कज–6 निवासों का आबंटन– इन नियमों में अन्यथा उपबंधित के सिवाय, निवास खाली होने पर संबंधित निदेशक द्वारा अधिमान रूप में ऐसे आवेदक को, जो नि.317–कज–15 के उपबंधों के अधीन उस टाईप के आवास का परिवर्तन चाहता है और यदि उस प्रयोजन के लिए अपेक्षित हो तो ऐसे आवेदक को जो उस टाईप में बिना निवास का है और जिसकी उस टाईप के निवास के लिए सब से पूर्व की पूर्विकता तारीख रखता है, निम्नलिखित शर्तो के अधीन रहते हुए आबंटित किया जाएगा, अर्थात्:–

(i) संबंधित निदेशक ऐसे आवेदक को जिसके लिए वह पात्र है, उससे उच्चतर टाईप का निवास आबंटित नहीं करेगा;

(ii) संबंधित निदेशक किसी आवेदक को, जिसके लिए वह नि.317–कज–4 के अधीन पात्र है, उससे नीचे के टाईप के निवास को स्वीकार करने के लिए विवश नहीं करेगा;

(iii) संबंधित निदेशक किसी आवेदक द्वारा नीचे के निवास के आबंटन के लिए प्रार्थना करने पर ऐसा निवास आबंटित कर सकेगा जो उस टाईप से नीचे है जिसका कि

आवेदक उसके लिए अपनी पूर्विकता के आधार पर पात्र है, सिवाय उन आवेदकों के, जो टाईप II के हकदार हैं।

(2) संबंधित निदेशक, अधिकारी का वर्तमान आबंटन रद्द कर सकेगा और उसकी उसी टाईप के वैकल्पिक निवास या आपाती परिस्थितियों में ऐसे टाईप के निवास के नीचे के टाईप का आनुकल्पिक निवास, जिसमें कि अधिकारी का अधिभोग है, और यदि अधिकारी के अधिभोग का निवास खाली किए जाने के लिए अपेक्षित है, आबंटित कर सकेगा।

अ.नि. 317—कज—7 पूर्विकता आबंटन—

(1) उप निदेशक, अधीक्षक सर्वेक्षक द्वितीय ग्रेड (अकृत्यिक चयन श्रेणी) और उसके ऊपर की श्रेणियों के अधिकारियों के लिए समुचित निवास आरक्षित किए जा सकेंगे जिसके लिए नि. 317—कज—2 (ज) द्वारा अनुज्ञप्ति फीस आबंटती द्वारा संदाय की जाएगी । यदि इनमें से कोई उस पर अधिभोग नहीं कर रहा है तो वे सुसंगत टाईप की प्रतीक्षा सूची के प्राधिकृत व्यक्ति को इस शर्त पर आबंटित किए जा सकेंगे कि वह यदि उक्त अधिकारियों में किसी के द्वारा अधिभोग के लिए अपेक्षित होगा तो तीस दिन की पूर्व सूचना पर उसे खाली कर देगा ।

(2) इन नियमों में किसी बात के होते हुए भी निम्नलिखित पूलों को संबंधित निदेशक द्वारा रखा जाएगा, अर्थात्:—

(i) विवाहित महिला और एकल महिला अधिकारियों के लिए पृथक रूप से महिला अधिकारी पूल; और

(ii) पूर्विकता पूल जिसमें निम्नलिखित अधिकारी समाविष्ट होंगे, अर्थात्:—

सहायक महासर्वेक्षक, चिकित्सक अधिकारी, भारतीय सर्वेक्षण विभाग के केन्द्रीय विद्यालय, परियोजना विद्यालय, के प्रधानाचार्य, सुरक्षा पर्यवेक्षक, सहायक सुरक्षा पर्यवेक्षक, अग्निशमन अधिकारी, लीडिंग हैंड फायरमैन, यान अधीक्षक, संपदा भार साधक, संपदा अधिकारी, केयर टेकर, ज्येष्ठ प्रबंधक, मुद्रण समूह, श्रम कल्याण अधिकारी, कर्मशाला प्रबंधक, मोटर ड्राईवर सह मिस्त्री और ड्राईवर फायर इंजन, अग्निशमन कर्मचारिवृन्द, रक्षक और सफाईवाले।

संबंधित निदेशक यह सुनिश्चित करेगा कि उपर्युक्त प्रत्येक वर्ग से कर्मचारिवृन्द की पर्याप्त संख्या के लिए निवास उपबंध किया गया है यदि संख्या में और उस टाईप के निवास संपूर्ण पूल के लिए पर्याप्त नहीं है ।

स्पष्टीकरण— खण्ड (i) में'—

(क) "विवाहित महिला अधिकारी" से अभिप्रेत है, ऐसी महिला अधिकारी जो विवाहित जीवन व्यतीत कर रही है और जिसका अपने पति से न्यायिक पृथक्करण नहीं हुआ है,

(ख) "एकल महिला अधिकारी" से अभिप्रेत है, ऐसी महिला अधिकारी जो विवाहित महिला अधिकारी नहीं है।

(ग) "महिला अधिकारी पूल" से निवास स्थानों के आबंटन के प्रयोजन के लिए "विधवा", बच्चों सहित या बिना बच्चों के, को एकल महिला अधिकारी के रूप में समझा जाएगा।

(3) इन पूलों में रखे जाने वाले निवासों की संख्या और टाईपों का अवधारण भारत के महासर्वेक्षक द्वारा समय–समय पर किया जाएगा।

(4) इस नियम के अधीन निवासों के आबंटन के लिए पात्र अधिकारियों की परस्पर ज्येष्ठता अवधारण निम्नलिखित रीति में किया जाएगा, अर्थात्:–

(क) महिला अधिकारियों के पूल में, उस पूर्विकता तारीख के आधार पर जिसको ऐसा प्रत्येक अधिकारी उस पूल में निवास के टाइप के लिए पात्र हो जाता है;

(ख) पूर्विकता पूल में उस तारीख के आधार पर जिससे ऐसा प्रत्येक अधिकारी उस टाईप से संबंधित ग्रेड पे लेना प्रारंभ करता है, जिसके लिए उस आबंटन के लिए उसके बारे में विचार किया जाता है।

(5) अधिकारी उक्त पूल में निवास आबंटन के लिए हकदार उस टाईप से अगले निम्न टाईप में होंगे जिसके वे नि. 317–कज–4 उपबंधों के अधीन हकदार है। तथापि यह उपबंध के उन अधिकारियों को लागू नहीं होगा जो पहले से ही टाईप–II निवास के हकदार हैं।

(6) संबंधित निदेशक यह सुनिश्चित करेगा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के कर्मचारिवृन्द को भारत सरकार के शहरी मामले और नियोजन मंत्रालय द्वारा समय–समय पर यथासंशोधित तारीख 25 नवम्बर 1987 के का.ज्ञा. सं.12035/10/84–पूल–II, द्वारा जारी किए गए आदेशों के अनुसार निवास उपलब्ध कराए जाते हैं।

(7) संबंधित निदेशक ऐसे अन्य सरकारी विभागों के कार्मिकों को भी, जिनकी उपस्थिति संपदा के उचित अनुरक्षण और रख–रखाव के लिए आवश्यक या अनिवार्य समझी जाती है, तो टाईप I, II और III निवासों में दो प्रतिशत से अनधिक भारत के महासर्वेक्षक के पूर्व अनुमोदन से उपयुक्त निवासों को आबंटित कर सकेगा:

परन्तु यह आबंटन ऐसे रक्षोपायों के अधीन होगा जो भारतीय सर्वेक्षण के हितों में उस समय आवश्यक समझे जाए और संबंधित निदेशक, यदि वह ठीक समझे तो, ऐसे आबंटन को रद्द कर सकेगा।

(8) निवासों के लिए दावों की पूर्विकता के आदेशों का क्रम निम्नलिखित होगा:

(क) भारतीय सर्वेक्षण विभाग, केन्द्रीय वेतन और लेखा कार्यालय, प्रादेशिक वेतन और लेखा कार्यालय और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के केन्द्रीय विद्यालय परियोजना के कार्मिक;

(ख) केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कार्मिक; और

(ग) अन्य सरकारी विभागों के कार्मिक।

अ.नि. 317—कज—8 अधिकारी का स्वयं रहना और रिक्त निवासों के लिए उपबंध:—

(1) जब पर्याप्त समुचित निवास उपलब्ध न हो तो निम्नतर टाईप का निवास जबकि ऐसा आबंटन लोक निर्माण के हित में फायदेमंद समझा जाए, इस विनिर्दिष्ट समझदारी पर आबंटित किया जा सकेगा कि उस व्यक्ति/उन व्यक्तियों को, जैसे और जब समुचित निवास उपलब्ध होता है, उसमें जाना पड़ेगा। अनुज्ञप्ति फीस प्रवृत्त नियमों के अनुसार वसूल की जाएगी।

(2) अधिकारी से अपेक्षा की जाएगी कि वह निवास में स्वयं रहे, वह छुट्टी पर या किसी अन्य कारण से बाहर अधिक से अधिक छः माह के लिए संबंधित निदेशक की पूर्व अनुज्ञा से रह सकता है, संबंधित निदेशक से यदि ऐसी अनुज्ञा नहीं ली जाती है तो आबंटन रद्द कर सकेगा और उसे बेदखल करने की व्यवस्था कर सकेगा:

परन्तु आबंटन सरकारी सेवक को प्रस्थापित कार्यवाही के विरूद्ध कारण दर्शित करने का युक्तियुक्त अवसर दिए जाने के पश्चात् ही रद्द किया जाएगा।

(3) यदि कोई निवास इस कारण अनाबंटित रह जाता है कि कोई अधिकारी अधिभाग के लिए उपलब्ध नहीं है, तो संबंधित निदेशक उसे ऐसे अन्य सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को जो केन्द्रीय सरकार के किसी अन्य विभाग में कार्य कर रहा है और जिसे वह उपयुक्त समझता है उचित प्रणाली से उसके आवेदन की प्राप्ति पर आबंटित करेगा:

परन्तु यह तब जब कि आबंटिती लिखित रूप में यह परिवचन देता है जिस पर उससे विभाग ने पृष्ठांकन किया हो, कि वह विहित अनुज्ञप्ति फीस का संदाय करेगा और उसे ऐसी सूचना मिलने पर कि निवास भारतीय सर्वेक्षण के अधिकारी के प्रयोग के लिए अपेक्षित है, उस सूचना प्राप्ति की तारीख से दो माह के भीतर उसे खाली कर देगा।

(4) यदि किसी विशिष्ट टाईप के निवास के लिए आबंटन की प्रतीक्षा सूची में कोई आवेदन नहीं है, तब वह रिक्त निवास उस अधिकारी को आबंटित किया जाएगा जो अगले टाईप के लिए आबंटन की प्रतीक्षा सूची में है और जो निम्नतर टाइप के निवास का आबंटन स्वीकार करने का इच्छुक है। ऐसा आबंटन उच्चतर टाईप की प्रतीक्षा सूची में ज्येष्ठता कम में इस शर्त के अधीन रहते हुए किया जाएगा कि वह अधिकारी उसे उस समय खाली करने का करार करता है जबकि ऐसा समुचित टाइप का निवास उसी नियमित बारी पर उसको आबंटित कर दिया जाता है।

अ.नि. 317—कज—9 आश्रित या संबंधी को निवासों का बिना पारी के आबंटन :—

(1) संबद्ध निदेशक ऐसे अधिकारी के पुत्र, अविवाहित पुत्री और विवाहित पुत्री को तदर्थ आधार पर निवास का आबंटन कर सकेगा जो सरकारी निवास के अधिभोग में है और अधिवर्षिता पर सेवा निवृत्त होता है या स्वेच्छया सेवा—निवृत्त होता है या सेवा के दौरान मर जाता है, जो निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा, अर्थात्:—

(i) ऐसा आश्रित या संबंधी इन नियमों के अधीन निवास के आबंटन के लिए पात्र सरकारी कर्मचारी होगा।

स्पष्टीकरण:— इस खण्ड के प्रयोजन के लिए किसी मृतक अधिकारी का आश्रित या संबंधी निवास के आबंटन के लिए पात्र समझा जाएगा, यदि वह ऐसे अधिकारी की मृत्यु से एक वर्ष के भीतर किसी पात्र कार्यालय में नियोजित है।

(ii) यदि वह सेवा—निवृत्त होने वाले अधिकारी के साथ सेवा निवृत्ति की तारीख से ठीक पूर्व कम से कम तीन वर्ष तक निरन्तर रहता रहा हो, जिसके अन्तर्गत उस अधिकारी की स्वेच्छया सेवा निवृत्ति और अस्वस्थता के आधार पर सेवा—निवृत्ति भी है। उस अवधि के दौरान वह मकान किराया भत्ता न लेता रहा हो और आवास का आबंटन सुनिश्चित करने के लिए कोई भी मकान किराया भत्ता किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा, यदि वह ले लिया गया है।

(iii) यदि सेवा निवृत्ति, जिसके अन्तर्गत उस अधिकारी की स्वेच्छया सेवा—निवृत्ति भी है की तारीख से पूर्व तीन वर्ष की अवधि के भीतर सरकारी सेवा में उसकी नियुक्ति हो गई है या उस अधिकारी की सेवा—निवृत्ति की तारीख से पूर्व तीन वर्ष की अवधि के भीतर सेवा—निवृत्त होने वाले अधिकारी की तैनाती के स्थान पर स्थानांतरण हो गया है तो वह तारीख जिसको वह इस प्रकार नियुक्त किया गया था या सेवा—निवृत्त होने वाले अधिकारी की तैनाती के आस्थान पर स्थानांतरण किया गया था, ऊपर पैरा (ii) में बताई गयी शर्त के प्रवर्तन के प्रयोजन के लिए लागू तारीख होगी।

(iv) सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी या उसके कुटुंब के किसी सदस्य का तैनाती के आस्थान पर अपना कोई मकान नहीं होगा।

(v) इस अपवाद के साथ कि उन पात्र आश्रित या रिश्तेदारों को जो टाईप I और टाईप II निवासों के लिए पात्र हैं, बिना पारी के आधार पर टाईप I और टाईप II के निवास आबंटित किए जाएंगे, पात्र आश्रित/रिश्तेदार को उसकी हकदारी का निवास आबंटित किया जाएगा।

(vi) संभावित आबंटिती सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी के विहित शपथ पत्र के साथ विहित प्ररूप में संबद्ध निदेशक को एक आवेदन प्रस्तुत करेगा। चाहें पूर्वोक्त सभी शर्तें पूरी कर दी हों, वह तब तक आबंटन के लिए पात्र नहीं होगा जब तक कि अनुज्ञप्ति फीस, नुकसानी प्रभार और अन्य बकाए जो समय–समय पर लागू होते हों, यदि कोई है चुकता नहीं कर दिए जाते हैं।

(vii) विवाहिता पुत्री केवल उसी स्थिति में आबंटन की हकदार होगी जहां अधिकारी का कोई भी पुत्र सरकारी सेवक नहीं है ।

(2) संबंधित निदेशक चिकित्सीय आधारों पर, जहां अधिकारी या उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य क्षय रोग/कैंसर/हदय रोग/शारीरिक विकलांगता से पीड़ित हो, जिसमें शारीरिक निःशक्तता के विनिर्दिष्ट लक्षण/प्रतिशतता जो अनुबंधित की जाए और प्रत्येक प्रकार के रोग निःशक्तता के लिए समय–समय पर जारी किए गए आदेशों में विहित प्रतिशतता उपलब्ध हो, और मुख्य चिकित्सा अधिकारी, भारतीय सर्वेक्षण/जिला चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन या ऐसे अन्य विशेषज्ञ की राय में कि उसके लिए यथाचित निवास की व्यवस्था करना आवश्यक है, गृह आवंटन समिति की सिफारिश के आधार पर बिना बारी के आवंटन कर सकेगा जो निवास के प्रत्येक टाईप में कुल क्वार्टरों के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

टिप्पणः (i) इस नियम के प्रयोजन के लिए हदय रोग और शारीरिक विकलांगता की बाबत रियायत केवल स्वयं की बीमारी तक सीमित होगी और क्षय रोग/कैंसर की बाबत रियायत अधिकारी की बीमारी और उसके अपने कुटुंब अर्थात् पत्नी/पति और बच्चों तक सीमित होगी।

(ii) उपरोक्त सूचीबद्ध बीमारियां ही सर्वांगीण नहीं है, समिति इस प्रयोजन के लिए किसी अन्य जीवनघातक बीमारी या गम्भीर निःशक्तता के कारण हुई स्थाई दुर्बलता पर विचार कर सकती है।

(iii) यदि आश्रित माता–पिता की निःशक्ता ही विवेकाधिकार आबंटन का एकमात्र आधार हो तो ऐसे मामले में समिति को तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मामले के गुणावगुण के साथ सावधानी पूर्वक विचार–विमर्श करके अपनी संस्तुति देनी चाहिए।

संबद्ध संपदाओं के लिए स्थायी गृह आबंटन समिति का गठन संबद्ध निदेशक और भारत के महासर्वेक्षक द्वारा समय–समय पर नाम निदेशित दो अन्य अधिकारियों को मिलाकर होगा।

संबंधित चिकित्सा प्राधिकारियों की चिकित्सीय सिफारिशों पर उनके गुण–दोष के आधार पर विचार किया जाएगा। ऐसे कोई भी आज्ञापक अनुदेश नहीं हो सकते कि उनकी राय और विचार स्वीकार किए ही जाएंगे:

(i) गृह आवंटन समिति की तीन मास में कम से कम एक बार बैठक होगी और बिना बारी के आबंटन के लिए आवेदनों पर विनिश्चय करेगी। ऐसे आवेदकों को जिनके आवेदन गृह आबंटन समिति द्वारा स्वीकार या अस्वीकार किए जाते हैं, सम्यक् रूप से और व्यक्तिगत रूप से विनिश्चय की सूचना दी जाएगी। उन आवेदकों की, जिनको बिना बारी आबंटन के लिए मंजूरी दी जाती है, सूची उनके आवेदनों की प्राप्ति की तारीख के अनुसार व्यवस्थित की जाएगी और सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी।

(ii) अपीलें– गृह आबंटन समिति के विनिश्चय के विरूद्ध किसी अपील का विनिश्चय महासर्वेक्षक द्वारा किया जाएगा और ऐसे मामले में उसका विनिश्चय अंतिम माना जाएगा।

(iii) यदि कोई अपील महासर्वेक्षक द्वारा स्वीकार कर ली जाती है तो उसका नाम भी गृह आबंटन समिति द्वारा उस बैठक में जिसमें आवेदक का मामला नामंजूर किया गया था, अनुमोदित अंतिम नाम के नीचे सूची में नोट किया जाएगा।

(iv) जब पदीयों को आबंटन के लिए बिना पारी के आधार पर निवास उपलब्ध हो तो उनका आबंटन ऊपर (i) में निर्दिष्ट प्रतीक्षा सूची के कम से आबंटित किया जाएगा।

(v) बिना बारी के आधार पर किए गए किसी आबंटन के अस्वीकार किए जाने पर संबंधित अधिकारी का नाम बिना पारी के निवासी के आबंटन के लिए प्रतीक्षा सूची से हटा दिया जाएगा। तथापि ऐसे मामलों में जहां प्रभावी पदीय से प्राप्त अभ्यावेदन पर, गृह आवंटन समिति मंजूरी को पुनर्जीवित करने का विनिश्चय करती है वहां उस पदीय को बिना पारी के आधार पर निवास पुनः आबंटित किया जाएगा।

(vi) ऐसे मामलों में जहां बिना पारी आबंटन, गृह आबंटन समिति द्वारा मंजूर किया गया है किन्तु वास्तविक आबंटन मंजूरी की तारीख से छः मास के भीतर नहीं किया गया है, वहां आबंटन समिति द्वारा छः मास की समाप्ति पर उसका पुनर्विलोकन किया जाएगा और उन पदीयों के नामों की अनुमोदित प्रतीक्षा सूची से हटा दिया जाएगा जिनके मामलों में बिना बारी के आबंटन के लिए अपेक्षा करने वाली परिस्थितियां हो

सकती हैं परिवर्तित हो गई हों और परिवर्तित परिस्थितियों में बिना पारी आबंटन न्यायसंगत न हो।

(3) रिक्त होने वाला प्रत्येक तीसरा निवास निम्नलिखित के कारण बिना पारी के आधार पर आबंटन के लिए आरक्षित किया जाएगा (क) आबंटन ऐसे अधिकारी के निकट संबंधी को किया जाएगा जो उपनियम (1) में अंतर्विष्ट उपबधों के अनुसार सरकारी सेवा से अधिवार्षिता प्राप्त कर लेता है या स्वेच्छया आधार पर सेवा निवृत्ति लेता है या सरकारी सेवा के दौरान मर जाता है और (ख) चिकित्सीय आधारों पर जहां अधिकारी या उसके कुटुंब को कोई (जहां बिना पारी के आबंटन के लिए सरकारी अनुदेशों के अधीन हकदार होते हैं) उपनियम (2) के उपबंधों के अनुसार क्षय रोग/कैंसर/हदय रोग/शारीरिक निःशक्तता से पीड़ित है। यह आरक्षण इस शर्त के अधीन होगा कि इस प्रकार आरक्षित निवासों की संख्या बिना पारी के आबंटन के लिए प्रतीक्षा सूची में पदीयों की संख्या से अधिक नहीं होगी। यदि कोई बिना पारी आबंटन लंबित नहीं है तो वह आरक्षित निवास साधारण प्रवर्ग के अधीन आबंटन के लिए चला जाएगा।

(4) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के आवास के आरक्षण के संबंध में आबंटन, ऐसे कर्मचारियों या कर्मचारियों के किसी अन्य प्रवर्ग को जारी किए गए आरक्षण आदेशों की सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन जो सरकार द्वारा समय–समय पर विनिर्दिष्ट की जाए, किए जाएंगे।

(5) आबंटित किए जाने वाले निवास के टाईप का अवधारण करने के लिए बिना पारी के आबंटन के लिए आवेदन प्रस्तुत किए जाने के समय अधिकारी द्वारा लिए जाने वाली ग्रेड पे को ध्यान में रखा जाएगा। सभी लंबित बिना पारी मंजूरियों के लिए जिनके लिए एक वर्ष के भीतर आबंटन नहीं किया गया है, ऐसे ग्रेड पे पुनरीक्षण का, यदि कोई हो, जो उस अवधि के दौरान किया गया हो, आबंटित किए जाने वाले निवास के टाईप का अवधारण करने के लिए लेखा दिया जाएगा।

(6) ऐसे अधिकारियों को, जिनको बिना बारी आबंटन की मंजूरी दी गई है, उनके हक से एक वर्ग नीचे का निवास दिया जाएगा। सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों जो लिपिकीय और सहबद्ध काडरों में विभाग में सेवा प्रारंभ करते हैं और जो टाईप II के क्वाटरों के लिए हकदार है, बिना बारी के आधार पर टाईप II, निवास दिया जाएगा टाईप II निवास के हकदार पदीयों को जो एक बार टाईप I निवास के लिए पात्र थे बिना बारी के आधार पर टाईप II निवास दिया जाएगा।

अ.नि. 317–कज–10 आबंटन या प्रस्थापना की अस्वीकृति या स्वीकृति के पश्चात् आबंटित निवास पर अधिभोग करने की असफलता–

(1) यदि अधिकारी आठ दिन के भीतर निवास आबंटन को स्वीकार नहीं करता है या स्वीकृति के पश्चात् आबंटन के पत्र की प्राप्ति के आठ दिन के भीतर उस निवास का कब्जा नहीं ले लेता है, तो वह दूसरे आबंटन के लिए आबंटन पत्र के जारी करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए पात्र नहीं होगा।

(2) यदि कोई अधिकारी जो निम्न स्तर टाईप के निवास का अधिभोग कर रहा है उसे उस टाईप का निवास, जिसके लिए वह नियम 317—कज—4 या 317—कज—6 (iii) के अधीन पात्र है या जिसके लिए उसने इन नियमों के अधीन आवेदन किया है, आवंटित किया जाता है या प्रस्थापित किया जाता है उसे उक्त आबंटन या आबंटन की प्रस्थापना के इंकार पर अनुज्ञा दी जा सकेगी कि वह निम्नलिखित शर्तो पर पूर्वतः आबंटित निवास में बना रहे, अर्थात्—

(क) ऐसा अधिकारी उच्चतर टाईप के निवास के आबंटन के लिए आबंटन पत्र जारी होने की तारीख से छः मास की अवधि के लिए दूसरे आबंटन का पात्र नहीं होगा;

(ख) वर्तमान निवास को प्रतिधारित करते हुए उससे ही अनुज्ञप्ति फीस प्रभारित की जाएगी जिसका उसे मूल नियम 45—क के अधीन इस प्रकार आबंटित या प्रस्थापित निवास की बाबत संदाय करना पड़ता या जो उसके पहले के अधिभोग, के निवास के संबंध में संदेय अनुज्ञप्ति फीस है इनमें से जो भी उच्चतर हो।

अ.नि. 317—कज—11 वह अवधि जिसके लिए आबंटित अस्तित्व में रहता है और आगे प्रतिधारण के लिए रियायती अवधिः—

(1) आबंटन उस तारीख से प्रभावी होगा जिससे वह अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाता है और तब तक प्रभावी रहेगा जब तक—

(क) अधिकारी पात्र—कार्यालय में कर्तव्य पर नहीं रह जाता है, उसके पश्चात् उपनियम (2) के अधीन अनुज्ञेय रियायती अवधि समाप्त नहीं हो जाती;

(ख) संबंधित निदेशक द्वारा वह रद्द नहीं किया जाता है या इन नियमों के किसी उपबंध के अधीन रद्द किया हुआ नहीं समझा जाता है;

(ग) अधिकारी द्वारा वह अभ्यर्पित नहीं किया जाता है; या

(घ) अधिकारी निवास की अधिभोग में नहीं रखता है।

(2) उपनियम (3) के अधीन रहते हुए अधिकारी को आबंटित निवास निम्न सारणी के स्तम्भ 1 में विनिर्दिष्ट घटनाओं में से किसी के होने पर उसके स्तम्भ 2 मे की तत्स्थानी प्रविष्टियों में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए रखा जा सकेगा परन्तु यह तब जबकि निवास अधिकारी या उसके कुटुम्ब के सदस्यों के सद्भाविक प्रयोग के लिए अपेक्षित हो।

सारणी

घटनाएं		निवास के प्रतिधारण के लिए अनुज्ञेय अवधि
1		2
i	पदत्याग, पदच्युति या सेवा से हटाया जाना, सेवा की समाप्ति या अनुज्ञा के बिना अप्राधिकृत अनुपस्थिति।	एक मास
ii	सेवा निवृत्ति या सेवान्त छुट्टी	सामान्य अनुज्ञप्ति फीस पर दो मास और सामान्य अनुज्ञप्ति फीस के दोगुने पर और दो मास। चिकित्सा/शिक्षा आधार पर आगे के दो महीनों के लिए चार गुनी अनुज्ञप्ति फीस पश्चात्वर्ती 2 महीने के लिए 6 गुनी सामान्य अनुज्ञप्ति फीस।
iii	आबंटिती की मृत्यु	एक वर्ष/दो वर्ष यदि मृतक या उसके या उसकी आश्रित का अंतिम स्टेशन पर अपना मकान न हो।
iv	वर्तमान स्थान से बाहर स्थान को स्थानान्तरण	दो मास
v	आस्थान में किसी अपात्र कार्यालय को स्थानान्तरण	दो मास
vi	भारत में विदेश सेवा के लिए प्रस्थान पर	दो मास
vii	भारत में अस्थायी स्थानान्तरण या भारत के बाहर किसी स्थान को स्थानांतरण	चार मास
viii	छूट्टी (पूर्व सेवा निवृत्ति छुट्टी, इंकार की गई छूट्टी सेवान्त छुट्टी, चिकित्सीय छुट्टी, प्रसूति छुट्टी या अध्ययन छुट्टी से भिन्न)	छुट्टी की अवधि के लिए किन्तु चार मास से अधिक नहीं
ix	प्रसूति छुट्टी	प्रसूति छुट्टी की अवधि के लिए तथा आगे बढ़ाई गई अवधि के लिए ।
x	मूल नियम 86 के अधीन दी गई पूर्व सेवा निवृत्ति छुट्टी या इंकार की गई छुट्टी या ऐसे सरकारी सेवक, जो मूल नियम 56 (ञ) के अधीन सेवा निवृत्त हुए हैं को दी गई उपार्जित छुट्टी।	पूर्व सेवानिवृत्ति की दशा में अधिकतम 180 दिन और अन्य दशाओं में चार मास के अधीन रहते हुए, जिसमें सेवानिवृत्ति की दशा में अनुज्ञेय अवधि सम्मिलित है पूर्ण औसत वेतन पर छुट्टी की पूरी अवधि के लिए ।

xi	भारत में या भारत के बाहर अध्ययन छुट्टी	(क) यदि अधिकारी उसकी हकदारी के नीचे के आवास के अधिभोग में हो तो अध्ययन छुट्टी की संपूर्ण अवधि के लिए ।
		(ख) यदि अधिकारी के अधिभोग में उसकी हकदारी की टाईप का आवास है तो अध्ययन छुट्टी की अवधि के लिए किन्तु छः मास से अधिक नहीं परन्तु जहां अध्ययन छुट्टी छः मास से अधिक की हो जाती है तो छः मास की समाप्ति पर या अध्ययन छुट्टी के प्रारंभ की तारीख से यदि वह ऐसा चाहता है तो उसकी हकदारी से एक टाईप नीचे का अनुकल्पिक आवास आबंटित किया जा सकेगा।
xii	भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति	प्रतिनियुक्ति की अवधि के लिए किन्तु छः मास से अधिक नहीं ।
xiii	चिकित्सीय आधार पर छुट्टी	छुट्टी की पूरी अवधि ।
xiv	प्रशिक्षण के लिए प्रस्थान पर	प्रशिक्षण की पूरी अवधि के लिए । (केवल उन नियमित पदाधिकारियों के लिए जो अभ्याग्रहण पर प्रशिक्षण पर गये हों)

स्पष्टीकरण I– जहां भारत में स्थानांतरण या विदेश सेवा में किसी अधिकारी की छुट्टी मंजूर की जाती है और वह नया कार्यालय में सेवा आंरभ करने से पूर्व उसका उपभोग करता है उसे मद (iv) (v) (vi) और (vii) में उल्लिखित अवधि के लिए या छुट्टी की अवधि के लिए जो भी अधिक हो, निवास को रखने की अनुज्ञा दी जा सकेगी ।

स्पष्टीकरण II– जहां भारत में विदेश सेवा पर स्थानातंरण का आदेश किसी ऐसे अधिकारी को दिया जाता है जोकि पहले से छुट्टी पर है तो स्पष्टीकरण के अधीन अनुज्ञेय अवधि की संगणना ऐसे आदेश के जारी करने की तारीख से की जायेगी ।

(3) जहां निवास उपनियम (2) के अधीन प्रतिस्थापित किया जाता है तो आबंटन अनुज्ञेय रियायती अवधियों की समाप्ति के पूर्व तब तक रद्द हुआ समझा जाएगा जब तक उसकी समाप्ति पर तुरन्त अधिकारी पात्र कार्यालय में सेवा पुनः आरम्भ न करें ।

(4) जहां अधिकारी बिना वेतन व भत्तों के चिकित्सीय छुट्टी पर है वह उक्त सारणी में मद **xiii** के अधीन रियायत के आधार पर अपना निवास प्रतिधारित कर सकेगा ।

परन्तु यह जबकि वह ऐसे निवास की अनुज्ञप्ति फीस नकद रूप में प्रतिमाह भेजता रहे और जहां वह दो माह से अधिक के लिये ऐसी अनुज्ञप्ति फीस भेजने में असफल रहता है तो आबंटन रद्द हो जायेगा ।

(5) ऐसा अधिकारी जिसने उपनियम (2) के अधीन सारणी के मद (i) या मद (ii) के अधीन रियायत के आधार पर निवास को प्रतिधारित किया है किसी पात्र कार्यालय में पुनर्नियोजन पर उक्त सारणी में विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर उस निवास को प्रतिधारित करने का हकदार होगा और वह इन नियमों के अधीन निवास के किसी और आबंटन के लिये भी पात्र होगा । परन्तु यह कि जब ऐसे पुनर्नियोजन पर अधिकारी की ग्रेड पे उसके द्वारा अधिभोग किये गये टाईप के निवास का उसे हकदार नहीं बनाती है, उसे निम्नतर टाईप का निवास आबंटित किया जाएगा।

(6) उपनियम (2) या उपनियम (3) या उपनियम (5) में किसी बात के होते हुए भी जब कोई अधिकारी पदच्युत किया जाता है या सेवा से हटाया जाता है या जब उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है और उस कार्यालय में जिसमें कि ऐसा अधिकारी ऐसी पदच्युति या हटाए जाने या सेवा समाप्त किए जाने के ठीक पूर्व नियोजित था, की बाबत विभाग के प्रधान का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा करना लोकहित में आवश्यक है और समीचीन है, वह संबंधित निदेशक से ऐसे अधिकारी को किए गए निवास का आवंटन तुरन्त या उपनियम (2) के अधीन उक्त सारणी के मद (i) में निर्दिष्ट एक मास की अवधि की समाप्ति के पूर्व की तारीख से जैसा कि वह निर्दिष्ट करें, रद्द करने के लिए अपेक्षा कर सकेगा और संबंधित निदेशक तदनुसार कार्य करेगा।

अ.नि. 317—कज—12 अनुज्ञप्ति फीस से संबंधित उपबन्ध –

(1) जहां निवास का या आनुकल्पिक निवास का आबंटन स्वीकृत किया जा चुका है, अनुज्ञप्ति फीस का दायित्व अधिभोग की तारीख से या आबंटन पत्र की प्राप्ति की तारीख के आठवें दिन से जो भी पूर्वत्तर हो, प्रारंभ होगा।

ऐसा अधिकारी जो स्वीकृति के पश्चात् आबंटन पत्र प्राप्ति की तारीख से आठवें दिन के भीतर उस निवास का कब्जा नहीं लेता है उससे अनुज्ञप्ति फीस उस तारीख से बारह दिन की अवधि तक के लिए ली जाएगी:

परन्तु इसमें अंतर्विष्ट कोई बात उस दशा में लागू नहीं होगी जहां केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग यह प्रमाणित करें कि निवास उस समय तक अधिभोग के लिए तैयार नहीं था और उसके परिणामस्वरूप अधिकारी ने पूर्वोत्तर अवधि के भीतर निवास का कब्जा नहीं लिया।

(2) जहां अधिकारी को, जो निवास के अधिभोग में है, एक दूसरा निवास आवंटित किया जाता है और वह नए निवास का अधिभोग कर लेता है तो पूर्व निवास का आबंटन नए निवास के अधिभोग की तारीख से रद्द हुआ समझा जाएगा तथापि वह नए निवास में जाने के

लिए पन्द्रह दिन की अवधि के लिए सामान्य अनुज्ञप्ति फीस के संदाय पर पूर्ववर्ती निवास प्रतिधारित कर सकेगा:

परन्तु यदि पन्द्रह दिन के भीतर पूर्ववर्ती निवास खाली नहीं किया जाता है तो वह अधिकारी निवास के उपयोग और अधिभोग की ऐसी नुकसानियों, सेवाओं फर्नीचर और उद्यान प्रभारों के लिए, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किए जाए, बाद वाले निवास का कब्जा लेने के सोलहवें दिन से संदाय करने का दायी होगा।

(3) जहां कोई सरकारी आवास केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी उपभोक्ता सहकारी सोसाइटियों को आबंटित किया जाता है वहां 1/–रू. प्रतिमास की अभिहित अनुज्ञप्ति फीस और सेवा प्रभार समय–समय पर सरकार द्वारा किए गए संशोधनों के साथ निर्माण और आवास मंत्रालय संपदा निदेशालय (पॉलिसी सेल) की तारीख 4 दिसम्बर, 1970 के ज्ञा. सं. 18013(1)/68–पॉल–I में दिए गए ब्यौरों के अनुसार वसूल किए जाएंगे।

(4) जहां कोई सरकारी निवास स्थान मान्यता प्राप्त क्लबों और संगमों को आबंटित किया जाता है वहां मूल नियम 45–क के अधीन पूरी मानक अनुज्ञप्ति फीस और सेवा प्रभार समय–समय पर संशोधित निर्माण और आवास मंत्रालय के तारीख 2 अप्रैल, 1960 के ज्ञा.सं. 12/110/58–एसीसी–I द्वारा विहित विस्तृत प्रकिया के अनुसार वसूल किए जाएंगे।

(5) जहां कोई सरकारी कार्यालय आवास केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के किसी मान्यता प्राप्त संगम/संघों को आबंटित किया जाता है वहां मूल नियम 45–क के अधीन मानक अनुज्ञप्ति फीस और सेवा प्रभार, समय–समय पर संशोधित संपदा निदेशालय को नई दिल्ली की तारीख 25.04.69 के का.ज्ञा.सं. 18011(6)/68–पॉल–I में अंतर्विष्ट आदेशों के अनुसार वसूल किए जाएंगे।

(6) जहां कोई कम्युनिटी हाल, मनोरंजन केन्द्र या क्लब बिल्डिंग आबंटित की जाती हैं, वहां अनुरक्षण और मरम्मत सेवा–प्रभार और ऐसे अन्य तत्वों की वास्तविक लागत को पूरा करने वाली अनुज्ञप्ति फीस समय–समय पर संशोधित निर्माण और आवास मंत्रालय की तारीख 2 अप्रैल, 1960 के ज्ञा.सं. 12110/58–ए.सी.सी.–I के पैरा 4 में अंतर्विष्ट आदेशों के अनुसार वसूल की जाएगी।

अ.नि. 317–कज–13 निवास के खाली होने तक अनुज्ञप्ति फीस के संदाय के लिए अधिकारी का व्यक्तिगत दायित्व और अस्थाई अधिकारियों द्वारा प्रतिभूति का दिया जाना।

(1) अधिकारी जिसे निवास आबंटित किया गया है उस अवधि के दौरान जिसके लिए निवास उसको आबंटित किया गया है और उसको आबंटित रहता है या जहां आबंटन इन नियमों के उपबंधो में से किसी के अधीन रद्द किया जा चुका है तो उस अवधि तक के लिए जब तक कि निवास उससे लगे हुए उपगृहों के लिए खाली न किया गया हो उसकी फीस और उसका पूरा खाली कब्जा सरकार को पुनः वापस न किया गया हो उसकी अनुज्ञप्ति फीस के लिए तथा

सरकार द्वारा दिए गये फर्नीचर, फिक्सचर या फिटिंग्स या सेवाओं में, उचित टूट–फूट के अतिरिक्त की गई नुकसानी के लिए व्यक्तिगत रूप से दायी होगा।

(2) जहां अधिकारी जिसे निवास आबंटित किया गया है, न स्थायी न अर्द्ध–स्थायी अधिकारी है वह ऐसे निवास, सेवाओं और उसके बदले दिए गए दूसरे किसी निवास की बाबत् उसकी शोध्य अनुज्ञप्ति फीस और अन्य प्रभारों के सम्यक् संदाय के लिए ऐसे प्रतिभूति सहित, जो केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवा करने वाला स्थायी अधिकारी होगा, केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित्त विहित प्ररूप में प्रतिभूति बंधपत्र निष्पादित करेगा।

(3) यदि प्रतिभू सरकारी सेवा में नहीं रह जाता है या दिवालिया हो जाता है या किसी अन्य कारणों से उपलब्ध नहीं हो पाता है या अपनी गारंटी वापस ले लेता है तो अधिकारी ऐसी घटना या तथ्य को अपनी जानकारी की तारीख से तीस दिन के भीतर दूसरे प्रतिभू द्वारा निष्पादित नवीन बंधपत्र देगा और यदि वह ऐसा करने में असफल रहता है तो उसको दिए गए निवास का आवंटन जब तक कि संबंधित निदेशक के द्वारा अन्यथा विनिश्चित न किया जाए, उस घटना की तारीख से रद्द किया गया समझा जाएगा ।

(4) अनुज्ञप्ति फीस भारतीय सर्वेक्षण के आहरण और संवितरण अधिकारी द्वारा संबंधित निदेशक द्वारा दिये गये मांग विवरण के प्राधिकार पर संबंधित अधिकारी के वेतन बिलों से वसूल की जाएगी । संबंधित निदेशक द्वारा मांग वितरण में विनिर्दिष्ट रकमें संबंधित सरकारी सेवक को पूर्व निर्दिष्ट किए बिना पूरी वसूल की जाएगी ।

